## त्योहारों के दृष्टिगत जिलेभर में विशेष सतर्कता और जनसंवाद अभियान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी एवं रमजान के दृष्टिगत जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा आमजन के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाए। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**पुलिस की अपील:** पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या कानून व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को दें। रतलाम पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**जनसंवाद एवं बैठकें**

- आयोजन समिति सदस्यों, शांति समिति एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठकें आयोजित की गईं।
- संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।
- आमजन से त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।
- सोशल मीडिया पर भ्रामक/आपत्तिजनक संदेश प्रसारित न करने तथा अफवाहों से दूर रहने की समझाइश दी गई।

## 'स्मार्ट पिचकारियां...' बैटरी से चलेंगी करेंगी रंगों की बौछार

▶ **30 रुपये की पिचकारी से दो हजार रुपये के 'फायर एक्सटिंगुइशर' गुलाल टैंक तक उपलब्ध**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार रंग-बिरंगी और हाईटेक पिचकारियों से सज गए हैं। इस बार पारंपरिक पिचकारियों की जगह 'स्मार्ट' पिचकारियों ने बच्चों और युवाओं के बीच खास जगह बना ली है। इलेक्ट्रिक वॉटर गन, बैटरी से चलने वाली ऑटोमैटिक पिचकारी और म्यूजिक बजाने वाली एलईडी लाइट वाली पिचकारियां बाजार में धूम मचा रही हैं।

दुकानदारों के अनुसार इस बार बाजार में पारंपरिक पिचकारियों के साथ-साथ नई डिजाइन और थीम वाली पिचकारियां भी आई हैं। साथ ही प्राकृतिक रंगों की मांग भी बढ़ी है। वहीं इस बार सबसे ज्यादा मांग इलेक्ट्रिक गन स्टाइल पिचकारियों की है, जिनमें एक बटन दबाते ही तेज धार से रंगीन पानी निकलता है। कुछ पिचकारियों में फिल्मी धुनों के साथ फ्लैश लाइट का भी आकर्षण है, जिससे बच्चे खासे उत्साहित हैं। दुकानदारों के अनुसार पारंपरिक प्लास्टिक पिचकारी भी बाजार में है। विक्रेता पंकज सांठे के अनुसार, साधारण सिलेंडर वाली पिचकारी 30 से 60 रुपये तक मिल रही है। मध्यम आकार की मजबूत प्लास्टिक पिचकारी 100 से 150 रुपये के बीच बिक रही है। सुनील जायसवाल के अनुसार, इस बार टैंक वाली बड़ी पिचकारी की मांग भी ज्यादा है। ये पिचकारी बैग की तरह पीठ पर टांगी जाती है। इसमें एक बार में ज्यादा पानी भरा जा सकता है।

**यूनिक पिचकारियों की मांग बढ़ रही**

बाजार के साथ-साथ आनलाइन प्लेटफार्म पर भी यूनिक पिचकारियों की मांग बढ़ रही है। छोटे बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। इनमें सुपरहीरो, कार, बाइक और जानवरों के आकार की पिचकारियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं। बाजार में बैटरी से चलने वाली और प्रेशर गन जैसी पिचकारी भी मौजूद हैं, जिसमें 1500 एमएएच की बैटरी लगी है, इसे आपको एक बार चार्ज करना होगा और ये होली खेलने में दिनभर आपका साथ देगी। आधा लीटर की क्षमता वाली इस पिचकारी बंदूक के आकार की बनाई गई है, जिसका बटन एक बार दबाने पर रंग पचार मीटर दूर तक जाएगा। इसमें बाजार के साथ आनलाइन भी कई यूनिक पिचकारियां मौजूद हैं। फाग पिचकारी इनमें से एक है। इसमें पानी बहुत तेज धार से नहीं बल्कि धुंध की तरह बाहर निकलता है। इससे सामने वाले पर हल्की रंगीन फुहार पड़ती है। इसके साथ ही डबल मोटर लगी होती है, जिससे पानी तेज धार में निकलता है। इसकी कीमत 400 रुपये से शुरू होकर 1200 रुपये तक जा रही है। कुछ दुकानों पार लाइट और म्यूजिक वाली पिचकारी भी मिल रही है। होली पर बच्चे गुलाल हाथों के साथ पिचकारी से उड़ा सकेंगे।

**होली के लिए सजे बाजार:** बाजार में रंगों के थोक व्यापारियों की रंग-गुलाल की दुकानें सजने लगी हैं। पारंपरिक थोक बाजार राम मंदिर, माणकचौक सहित दो बत्ती व अन्य स्थानों पर रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। पर्व के नजदीक आते ही बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी हैं। दुकानों पर युवाओं सहित बच्चों की खरीदी के लिए भीड़ उमड़ने लगी हैं।

**प्रिंटेड टी-शर्ट की मांग बढ़ी**

होली के रंग में रंगने के लिए इस बार प्रिंटेड और थीम आधारित टी-शर्ट की मांग भी बढ़ी है। राधा-कृष्ण चित्र वाली टी-शर्ट, फिल्मी डायलॉग प्रिंट डिजाइन और बच्चों के लिए कार्टून प्रिंट टी-शर्ट खास पसंद की जा रही हैं। युवा समूह एक जैसी थीम टी-शर्ट के लिए स्पेशल ऑर्डर भी दे रहे हैं।

**एक नजर में**

## 2, 3 और 5 मार्च को भी एचपीवी वैक्सीनेशन

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसेरे ने बताया कि महिलाओं में होने वाला सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है। 14 से 15 वर्ष आयु समूह की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) एचपीवी का वैक्सीन निशुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीनेशन के लिए बाल चिकित्सालय रतलाम, डॉ लक्ष्मी नारायण पांडेय मेडिकल कॉलेज रतलाम, सिविल अस्पताल जावरा , आलोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली , सैलाना, बाजना ताल,पिपलोदा केंद्रों पर वैक्सीनेशन की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। रतलाम जिले में अब तक 60 बालिकाओं का एच पी वी वैक्सीनेशन किया गया है। ऐसी बालिकाएं जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है तथा 15 जन्मदिन नहीं मनाया है, वे सभी वैक्सीनेशन के लिए पात्र है , रतलाम जिले में वैक्सीनेशन का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। 2 मार्च सोमवार , 3 मार्च मंगलवार, तथा 5 मार्च को भी वैक्सीनेशन किया जाएगा। 4 मार्च धुलेंडी होने के कारण वैक्सीनेशन नहीं हो सकेगा। इसके अतिरिक्त निरंतर रविवार को भी वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वैक्सीनेशन के लिए अपनी सुविधा अनुसार ह्ल्ड्ढह्ल पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है और स्वयं केंद्र पर सीधे जाकर भी वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। उम्र के प्रमाणीकरण के लिए आधार कार्ड ,जन्म प्रमाण पत्र , अपार आईडी अथवा स्वयं का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना भी पर्याप्त है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे द्वारा सभी चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। सीएमएचओ ने सभी अभिभावकों से उनकी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओ को सर्वाइकल कैंसर से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने के लिए एच पी वी वैक्सीनेशन कराने की अपील की है।

## ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**रतलाम।** कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या निगरानी व त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय रतलाम में नियंत्रण प्रकोष्ठ/कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07412-270439 है। कंट्रोल रूम प्रभारी उपयंत्री पूजा भूरिया को बनाया गया। कंट्रोल रूम प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक संचालित किया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी टेलीफ़ोन पर प्राप्त शिकायत को रजिस्टर में नोट कर निराकरण हेतु कंट्रोल रूम प्रभारी को सूचित करेंगे। इसके अतिरिक्त जावरा उपखंड में पेयजल समस्या सम्बन्धित शिकायतों के लिए सहायक यंत्री एस. इरफान अली मोबाईल नंबर 9425937171 आलोट, ताल उपयंत्री राहुल आर्य मोबाईल नंबर 7898781055, जावरा, पिपलोदा जिगनेश बामनिया मोबाईल नंबर 9399823610 रतलाम उपखंड में पेयजल समस्या सम्बन्धित शिकायतों के लिए सहायक यंत्री डीसी कथिरिया मोबाईल नंबर 7999154725, उपयंत्री अर्पित चतर मोबाईल नंबर9340166238 सैलाना उपखंड में पेयजल समस्या सम्बन्धित शिकायतों के लिए सहायक यंत्री हरम सिंह बामनिया मोबाईल नंबर 6232785613, उपयंत्री सैलाना सुश्री शुभा अर्गल मोबाईल नंबर 8085636995, उपयंत्री श्रीमती बिंदिया चौहान मोबाईल नंबर 8839347164 व उपयंत्री बाजना विजय मचार को भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## ब्लैक स्पॉट सुधारेंगे, तेज रफ्तार पर होगी कारर्वाई

▶ **सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश**




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, घायलों को त्वरित एवं निःशुल्क उपचार, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन तथा ब्लैक स्पॉट सुधार को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री राहत अंतर्गत कैशलेस उपचार योजना पर चर्चा की गई।

योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शासन के नियमानुसार डेढ़ लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि आमजन अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर ने जिले में स्थित ब्लैक स्पॉट का संयुक्त निरीक्षण कर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने हेतु एमपीआरडीसी एवं संबंधित एसडीएम (राजस्व) को निर्देशित किया। पुलिस, संबंधित रोड एजेंसी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को संयुक्त भ्रमण कर कमियों की पहचान करते हुए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

स्कूली वाहनों की नियमित निगरानी, मापदंडों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई, निर्माण कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत, सड़क पर पड़े पुराने व अनावश्यक वाहनों को हटवाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क पर विचरण करने वाली गायों को गौशालाओं में भेजने साथ ही राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में बनाए गए काउंटरों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, निगमायुक्त अनिल माना, एसडीएम आर्ची हरित सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**तेज रफ्तार से वाहन चलाने लाइसेंस निलंबन करेंगे**

बैठक में सुरक्षा के साथ ही तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन तथा वाहन चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन के निर्देश दिए गए। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने हेतु समझाइश एवं उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

## रिटायर्ड डॉक्टर की बहू फांसी के फंदे पर झूली, पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत शादीशुदा महिला के आत्महत्या का मामला सामने आया है। महिला रिटायर्ड डॉक्टर की बहू है। महिला ने पंखे पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा। महिला के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कस्तूरबा नगर स्थित गृह निर्माण समिति में रिटायर्ड डॉक्टर गणराज गौड़ की बहू नीता पति नवीन गौड़ 34 वर्षीय ने बीते दिन शनिवार शाम को ऊपर के कमरे में पंखे पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पर महिला के पति, ननद, ससुर ओर एक दस वर्षीय बेटा सभी नीचे थे। काफी समय तक महिला नीचे नहीं आई तो परिजन ऊपर गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला।

परिजनों ने डायल 112 पुलिस को इसकी सूचना दी। डायल पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे में जाने पर महिला नीचे गिरी हुई थी। पुलिस ने बताया कि महिला ने जिस रस्सी से आत्महत्या की वह रस्सी कपड़े सुखाने की थी, जिससे टूटकर वह नीचे गिर गई। मृतक पास किसी भी प्रकार का कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

डायल 100 की पुलिस ने तुरंत औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस और एफएसएल अधिकारी को सूचित किया। थाने की पुलिस के साथ एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। परिजनों के बयान के आधार पर और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही आत्महत्या के कारणों का पता चलेगा। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## त्यौहारों के मद्देनजर मिलावट के विरुद्ध जारी सघन अभियान



**रतलाम।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में मिलावट के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता एवं रामचंद्र पांडे द्वारा रतलाम शहर में फर्म महाकाल स्वीट्स एवं नमकीन, क्लॉथ मार्केट से मिर्च पाउडर एवं नमकीन सेव के नमूने लिए गए।

जनता सेव भंडार, गणेश देवरी से मिक्चर नमकीन एवं नमकीन सेव के नमूने संग्रहित किए गए। इसी प्रकार शुभम नमकीन भंडार, स्टेशन रोड से नमकीन, ज्योति नमकीन से लौंग से बनी बर्फी एवं दालों के नमूने लिए गए। फर्म रामचंद्र लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, त्रिपोलिया गेट से सिक्का पेड़ा, चना दाल एवं लौंग सेव के नमूने तथा गजानन नमकीन एवं स्वीट्स से केसर बर्फी एवं पैक्ड नमकीन के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा द्वारा ताल-आलोट क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ग्राम सुरजना में पनीर बनाने वाली डेरियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सांवरिया डेयरी से पनीर एवं घी तथा चामुंडा मिल्क सेंटर से पनीर के नमूने लिए गए। इसके पश्चात बरखेड़ा कला में स्थित होटलों का निरीक्षण कर मेहता होटल से मिठाई का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान चामुंडा मिल्क सेंटर एवं मेहता होटल के पास खाद्य पंजीयन नहीं पाई।

## एमपीपीएससी परीक्षा के दौरान सिख छात्रा की पगड़ी उतरवाई, विवाद

▶ **सीख समाजजन केन्द्र पर पहुंचे, प्रशासन ने मांगी माफी**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम ।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा रविवार को आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) के दौरान रतलाम के एक परीक्षा केंद्र पर विवाद की स्थिति बन गई। सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट स्कूल में परीक्षा से पूर्व चेकिंग के दौरान राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से आई अमृतधारी सिख छात्रा गुर्लिन कौर की पगड़ी (दुमाला साहेब) और कृपाण उतरवाने का मामला सामने आया। घटना के विरोध में सिख समाज के लोग केंद्र पर पहुंचे और आपत्ति दर्ज कराई। बाद में प्रशासन ने खेद व्यक्त करते हुए माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

रविवार दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित परीक्षा के लिए रतलाम में कुल 16 केंद्र बनाए गए थे। उत्कृष्ट स्कूल केंद्र पर परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान महिला स्टाफ द्वारा छात्रा को अलग कक्ष में ले जाकर जांच की गई और सिर पर बंधी पगड़ी तथा कृपाण उतरवा ली गई। छात्रा के परिजन वीरेंद्र सिंह को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने सिख समाज के अन्य लोगों को सूचना दी। इसके बाद समाज के प्रतिनिधि केंद्र पर पहुंचे और केंद्राध्यक्ष के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि परीक्षा के दिशा-निर्देशों में पगड़ी उतारने का उल्लेख नहीं है और इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। एसडीएम, सीएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने समाजजनों से चर्चा की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य नहीं था। संबंधित स्टाफ को भविष्य में सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

**प्रशासन ने खेद व्यक्त किया**

परीक्षा चेकिंग के दौरान पगड़ी उतारवाने और कृपाण उतारवाने पर सीख समाजजन आक्रोशित होकर केन्द्र पर पहुंच गए थे। एसडीएम ग्रामीण विवेक सोनकर ने सीख समाजजनों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हुए घटनाक्रम पर खेद व्यक्त किया।

सीख समज अध्यक्ष अवतारसिंह ने बताया कि जांच के नाम पर महिला स्टाफ द्वारा छात्रा को अलग कक्ष में ले जाकर जांच की व सिर पर बंधी पगड़ी तथा कृपाण उतरवाई। समाज के प्रतिक चिन्हों को उतरवाना और उनकी जांच करना समाज का अपमान हैं। घटना दुखत हैं। ऐसी घटना से समाजजनों में आक्रोश हैं। प्रशासन के मांफी मांगने पर हम लौटे।

## हर पूर्णिमा पर दुर्गा माता मंदिर में की जाएगी महाआरती



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** नगर के चौपाटी चौराहा स्थित प्रसिद्ध श्री दुर्गा माता मंदिर पर फाल्गुनी पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मंदिर समिति द्वारा जहां बीते समय में नवरात्रि उत्सव, मंदिर वर्षगांठ पर महाआरती, अन्नकूट प्रसादी, भंडारे के साथ ही होलिका दहन जैसे विविध धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की जा चुकी हैं।

अब इसी कड़ी में होलिका दहन से पूर्णिमा के दिन माताजी की महाआरती का शुभारंभ किया जा रहा हैं। मंदिर समिति के सुनिल पोखरना तथा वैभव रांका ने बताया कि बताया कि मंदिर प्रांगण में इन दिनों भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

इसी क्रम में एक और शुभ परंपरा का प्रारंभ करते हुए फाल्गुनी पूर्णिमा से अब प्रत्येक माह पूर्णिमा पर मां दुर्गा की महाआरती एवं प्रसादी का नियमित आयोजन किया जाएगा। इससे नगर में धार्मिक व आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा तथा श्रद्धालुओं को नियमित रूप से माता के दर्शन-पूजन का अवसर प्राप्त होगा। समिति ने नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म-जागरण और सामाजिक एकता का संदेश देने की अपील की है।

**होलिका दहन से पहले होगी महाआरती**

पूर्णिमा पर महाआरती का शुभारंभ 2 मार्च 2026, सोमवार से किया जा रहा हैं। होलिका दहन से पूर्व रात्रि करीब 7.45 बजे माताजी की महाआरती की जाएगी। मंदिर परिसर में रात्रि 8.30 बजे होलिका दहन होगा। इस पुण्य अवसर पर महाआरती प्रसादी के लाभार्थी शैलेन्द्र शिवचरण गौड़ परिवार जावरा रहेंगे, जिनके सौजन्य से भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति पदाधिकारियों और सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि पूर्णिमा के पावन पर्व पर माता रानी के दरबार में पहुंचकर महाआरती में सहभागी बनें, होलिका दहन में भाग लें और धर्म, भक्ति व सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

**एक नजर में** | **करीब 10 करोड़ की लागत से बनेगा श्री पार्श्वनाथ भैरव धाम**

## जावरा में गूंजा भक्ति का महासंगम, श्री पार्श्वनाथ-भैरव धाम का हुआ भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भक्तों की भावना रही कि नगर में श्री पार्श्व-भैरव धाम का निर्माण हो। अब देव-गुरु की कृपा एवं नाकोड़ा भैरव देव के आशीर्वाद से यह स्वप्न साकार होने जा रहा है। रविवार को धर्म और श्रद्धा की पावन धरा जावरा एक बार फिर भक्ति रस में सराबोर हुआ।

अवसर था श्री जावरा नगरी में सेजावता रोड प्रथम वेयर हाउस के आगे नव निर्मित होने वाले श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ-भैरव मंदिर (श्री पार्श्व-भैरव धाम) के भूमि पूजन एवं 51 कुंडीय भूमि जागृत नाकोड़ा भैरव अनुष्ठान का। अब शहर के खाचरौद रोड़ स्थित भूमि पर करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से ये भव्य मंदिर बनकर तैयार होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 28 फरवरी, शनिवार रात्रि 8 बजे श्री राजेंद्रसूरी जैन दादावाड़ी, में भव्य भक्ति संध्या आयोजित हुई, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक विपिन पोरवाल (बेंगलुरु) एवं चिराग चौपड़ा (जावरा) ने भक्तिमय प्रस्तुतियां रात 12:30 तक दी। इस दौरान भव्य श्री पार्श्व भैरव दरबार, दीपों से सुसज्जित पांडाल, इत्र वर्षा एवं महाआरती मुख्य आकर्षण रहें। अतिथि जावरा-मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय के साथ परम भैरव उपासक मनोज शोभावत (मुंबई) उपस्थित रहें। रविवार कोनवकारसी से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सुबह 9 बजे 51 कुंडीय भूमि जागृत नाकोड़ा भैरव अनुष्ठान हुआ। दोपहर 12:39 बजे श्रेणिक धारीवाल परिवार ने विधिकारक हेमंत जैन के मार्गदर्शन मे विधिवत भूमि पूजन दादावाड़ी-सेजावता रोड (प्रथम वेयर के आगे) किया।

**पोपटलाल की उपस्थिति रही आकर्षण**

कार्यक्रम में मुंबई से विशेष अतिथि श्याम पाठक (तारक मेहता का उल्टा चश्मा के पोपटलाल) भी रविवार को उपस्थित रहे, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस ऐतिहासिक धर्म कार्य में श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ रिलिजियस न्यास अध्यक्ष सौरभ पगारिया, उपाध्यक्ष हिम्मत धारीवाल, सुरेश पगारिया, महामंत्री वीरेन्द्र सेठिया, कोषाध्यक्ष अनिल चपड़ोद के साथ ट्रस्टी विजय नाहर, अशोक लुक्कड़, विजय आंचलिया,अजय सकलेचा, अभय चौपड़ा, राजेन्द्र राठौर,आशीष सुराणा,विशाल चत्तर, विपीन चौरड़िया तथा प्रवीण नवकार का विशेष सहयोग रहा।